स्पाइस मनी ग्रामीण उद्यमियों के लिए लाया जीरो इन्वेस्टमेंट पर व्यापार का अवसर

नई दिल्ली, (वीअ)।भारत की अग्रणी ग्रामीण फिनटेक कम्पनी स्पाइस मनी ने आज घोषणा की है कि यह ग्रामीण उद्यमियों के लिए अपनी तरह का अनूठा जीरो इन्वेस्टमेंट एंट्री प्रोग्राम लेकर आई है। इससे ग्रामीण उद्यमियों को बिना किसी लागत के स्पाइस मनी अधिकारी नेटवर्क का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा। इस सीमित अवधि के जीरो इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम के माध्यम से स्पाइस मनी पूरे देश के एक करोड़ से ज्यादा ग्रामीण उद्यामियों को वित्तीय व डिजिटल तौर पर सशक्त करेगी और इससे अर्ध शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कम्पनी का डिजिटल पेमेंट ईकोसिस्टम मजबूत बनेगा।हाल में केन्द्र के बजट में वित्त मंत्री ने डिजिटल पेमेंट्स पर सरकार के फोकस का उल्लेख किया था। स्पाइस मनी सरकार के इस विजन का समर्थन करती है और अर्ध शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने में अपना पूरा सहयोग देना चाहती है। जीरो इन्वेस्टमेंट एंट्री प्रोग्राम के जरिए प्रवासी श्रमिक, किराना स्टोर मालिक, नौकरी ढूंढने वाले, नए स्नातक, गृहणियां और अन्य लोग स्पाइस मनी अधिकारी नेटवर्क से जुड़ सकेंगे और अपने लिए स्वरोजगार व आजीविका के अन्य अवसर अपने ही शहरों में प्राप्त कर सकेंगे। इस समय स्पाइस मनी के पांच लाख से ज्यादा अधिकारियों में से 65 प्रतिशत से ज्यादा तीस वर्ष से कम आयु के हैं। इनमें से कई उभरते हुए उद्यमी हैं। स्पाइस मनी के फाउंडर दिलीप मोदी ने कहा, ‘‘जीरो इन्वेस्टमेंट एंट्री प्रोग्राम के जरिए अर्धशहरी और ग्रामीण भारत के युवाओं को स्पाइस मनी अधिकारी बनने का मौका बिना किसी लागत के मिलेगा।